दिनांक : 13 .07.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जनसांख्यिकी और लोकतंत्र भारत की दो असिम शक्तिया।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दुबई में 'ब्रांड मध्यप्रदेश' कार्यक्रम में होंगे शामिल।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनहितैषी योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने पर दिया जोर।
- मौसम विभाग ने 12 जिलों में भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट।

प्रधानमंत्री-रोज़गार मेला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि रोज़गार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और विकसित भारत के निर्माण में उनका सक्रिय सहयोग लेने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया मानती है कि भारत की दो असीम शक्तियाँ हैं, एक उसकी जनसांख्यिकी और दूसरा उसका लोकतंत्र। प्रधानमंत्री कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में 51 हज़ार से ज़्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद रोज़गार मेले में बोल रहे थे। नवनियुक्तों को बधाई देते हुए, श्री मोदी ने कहा कि सरकार की रोज़गार मेला पहल से लाखों युवा केंद्र सरकार में स्थायी नौकरियां हासिल कर चुके हैं और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने देश में विकसित हो रहे स्टार्टअप, नवाचार और अनुसंधान के बढ़ते इको सिस्टम का भी उल्लेख किया, जो देश के युवाओं की क्षमताओं को बढ़ा रहा है।

..................................................................

मुख्यमंत्री यात्रा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दुबई यात्रा के पहले दिन मध्यप्रदेश की आर्थिक, सांस्कृतिक और वैश्विक पहचान को मजबूत करने वाले कई कार्यक्रमों में

हिस्सा लेंगे। शुरुआत 'ब्रांड मध्यप्रदेश' कार्यक्रम से होगी। प्रदेश की उपलब्धियों, निवेश अवसरों और सांस्कृतिक पहचान को दर्शाने वाली लघु फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश की विविधता और क्षमताओं को दर्शाने वाली थीम प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। साथ ही प्रवासी समुदाय को मध्यप्रदेश की बदलती तस्वीर से अवगत कराएंगे। डॉ. यादव दुबई में रह रहे मध्यप्रदेश मूल के प्रवासी भारतीयों और फ्रेंड्स ऑफ एमपी के साथ संवाद करेंगे। इस संवाद में वे उन्हें प्रदेश के निवेश अवसरों, अधोसंरचना, जन-कल्याणकारी योजनाओं और वैश्विक भागीदारी के लिए तैयार नई व्यवस्था से अवगत कराएंगे। मुख्यमंत्री दुबई में सक्रिय भारतीय मूल के प्रमुख उद्योगपतियों और कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों से भेंट करेंगे। इस दौरान वे ईएसडीएम, फार्मा, टेक्सटाइल, ग्रीन हाइड्रोजन और अन्य संभावित क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर चर्चा करेंगे।

........................................................................

मुख्यमंत्री- लाड़ली बहन योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राखी से पहले सरकार सभी लाड़ली बहनों को 250 रुपए की अतिरिक्त राशि शगुन के रूप में देगी। अगस्त माह में प्रत्येक लाड़ली बहन को 1500 रुपए मिलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल उज्जैन जिले की ग्राम पंचायत नलवा में लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता राशि सहित अन्य योजनाओं के तहत बहनों को सहायता राशि वितरण के राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार लोगों की जिंदगी बेहतर बनाने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है।

प्रदेश की 1 करोड़ 27 लाख लाडली बहनों को 26वीं किश्त के रूप में 1 हजार 543 करोड़ रुपए की सहायता राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की गई है। साथ ही मुख्यमंत्री ने 30 लाख से अधिक बहनों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सिलेंडर रिफिलिंग के लिए 46 करोड़ 34 लाख रुपए सब्सिडी राशि तथा 56 लाख 74 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 340 करोड़ रुपए की पेंशन राशि भी उनके बैंक खातों में अंतरित की।

........................................................................

शिवराज बैठक

केंद्रीय कृषि तथा किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री  शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जनता की भलाई और विकास ही प्रमुख ध्येय होना चाहिए। उन्होंने कल विदिशा में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में कहा कि हितलाभ समय पर पात्रताधारकों को मिलना चाहिये। विदिशा  के सांसद व केन्द्रीय मंत्री क श्री चौहान ने बैठक की शुरूआत में जनप्रतिनिधि और अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन में विदिशा जिले को माडल के रूप में स्थापित करने को कहा। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियो से कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान पात्रताधारक यदि कोई व्यक्ति योजना के हितलाभ से वंचित रह गया है तो उसे लाभ दिलाने की प्रक्रिया अविलम्ब क्रियान्वित कर लाभ दिलाए ताकि उसके विश्वास पर खरे उतरें।

.............................................................................

दुर्घटना रोकथाम

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए बस, ट्रक, टैक्सी आदि का संचालन करने वाले ड्रायवरों तथा अन्य स्टाफ के कार्य के घंटे के संबंध में प्रावधानों को प्रभावी रूप से लागू किए जाने की पहल की जा रही है। इसी सिलसिले में मोटर ट्रांसपोर्ट नियोजकों की इंदौर में सम्पन्न कार्यशाला में श्रमायुक्त रजनी सिंह ने मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम, 1961 के अंतर्गत ट्रांसपोर्ट कार्यों में संलग्न ड्राइवरों और अन्य स्टाफ के कार्य के घंटों, विश्राम अवधि और अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ट्रांसपोर्ट वर्कर्स के लिए प्रतिदिन 8 घंटे और साप्ताहिक 48 घंटे कार्य की अवधि निर्धारित है। इन प्रावधानों का गंभीरता से पालन किया जाना आवश्यक है।

.............................................................................

आयुर्वेद सम्मेलन

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान का तीन दिन का राष्ट्रीय सम्मेलन आज से नई दिल्ली में शुरू हो रहा है। यह आयोजन शल्य चिकित्सा के जनक माने जाने वाले सुश्रुत की जंयती पर किया जा रहा है। आज इस सम्मेलन के पहले दिन दस एंडोस्कोपिक लैप्रोस्कोपिक सर्जरी का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। परपंरा और तकनीक के समागम वाले इस सम्मेलन में देश-विदेश के पांच सौ से अधिक चिकित्सकों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और विद्वानों के शामिल होने की संभावना है।

सम्मेलन में आयुर्वेद के क्षेत्र में चिकित्स में हुई प्रगति और उभरती शैलियों को दर्शाया जाएगा।

.............................................................................

मानसून सक्रिय

प्रदेश के पूर्वी भाग में मानसून की सक्रियता के कारण रीवा जिले में भारी बारिश पिछले 24 घंटे में दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आज सुबह तक के लिए जारी बुलेटिन में 12 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में विदिशा राजगढ़ गुना अशोकनगर शिवपुरी कटनी जबलपुर दमोह सागर छतरपुर टीकमगढ़ और निवाड़ी शामिल हैं। रीवा जिले में पिछले 24 घंटे में लगातार बारिश के कारण नदी-नालों के जल स्तर में तेजी से वृद्धि हुई है। गुढ़ तहसील में 220 मिलीमीटर और हुजूर तहसील 205 मिलीमीटर वर्षा होने के कारण बीहर नदी का जल स्तर बढ़ गया है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर अधिकारियों को राहत और बचाव के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने बीहर नदी के छोटी पुल, करहिया घाट, करहिया पुल तथा अन्य जगहों का दौरा किया। जल भराव से प्रभावित व्यक्तियों के लिए गुढ़ चौराहा में राहत केन्द्र बनाए गए हैं। रीवा शहर में 19 स्थानों पर बाढ़ से प्रभावितों के लिए राहत शिविर बनाए गए हैं। छतरपुर जिले में पिछले 24 घंटे से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त है जिले की सभी नदियां उफान पर हैं, रंगवा बांध भर जाने से उसके सभी 15 गेट खोल दिए गए हैं।

.............................................................................

विंबलडन

विश्व की चौथे नंबर की टेनिस खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियातेक ने पहली बार विंबलडन का महिला सिंगल्स खिताब जीत लिया है। लंदन में एकतरफा मुकाबले में उन्होंने 13वीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हरा दिया। यह स्वियातेक का छठा ग्रैंड स्लैम खिताब है।

उधर, ब्रिटेन के जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल की जोड़ी ने पुरुष युगल स्पर्धा का खिताब जीत लिया है। वर्ष 1936 के बाद यह पहला मौका है जब किसी ब्रिटिश जोड़ी ने पुरुष डबल्स का विंबलडन ख़िताब जीता है।

………………………………………………………………

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर जिले के महापौर पुष्यमित्र भार्गव इज़राइल में 15 से 17 जुलाई को आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'मुनी वर्ल्ड 2025' में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- रीवा जिले में धरती आबा जन भागीदारी अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल शामिल होंगे।
- खरगोन जिले में एक बगिया मां के नाम योजना के तहत पौधारोपण के लिए जिले में 3500 महिला हितग्राहियों का चयन किया गया है।
- शाजापुर जिले में कल विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- सागर जिले में कल लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने निर्माण कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक में निर्माण कार्य की समय सीमा स्पष्ट कारण के साथ बढ़ाने अन्यथा जुर्माना लगाए जाने के निर्देश दिए।

………………………………………………………………